कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या
1/13/107, नैय्यर कालोनी, सिविल लाइन्स, अयोध्या–224001
Email Id: eeupjn_cdfaizabad@yahoo.co.in

पत्रांक 2346 / M-15 / 31 दिनांक 04/05/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय : **दैनिक भाष्कर समाचार पत्र में दिनांक 02.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन टंकी निर्माण में घटिया सामग्रीः मया बाजार में ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाए सवालः शिकायत की चेतावनी" के संदर्भ में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भाष्कर समाचार पत्र दिनांक 02.05.2026 को प्रकाशित समाचार शीर्षक **"जल जीवन मिशन टंकी निर्माण में घटिया सामग्रीः मया बाजार में ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाए सवालः शिकायत की चेतावनी"** के संदर्भ में अवगत कराना है कि विकासखण्ड– मया बाजार में समन्था पेयजल योजना का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | प्रगति |
|---|---|---|
| 1. | ट्यूबवेल– 1 नग | पूर्ण। |
| 2. | पाम्पिंग प्लान्ट– 1 नग | पूर्ण। |
| 3. | सोलर प्लान्ट– 1 नग | अपूर्ण। |
| 4. | शिरोपरि जलाशय– 1 नग | टैंक वाल का कार्य प्रगति पर है। |
| 5. | राइजिंग मेन– 30 मीटर | अपूर्ण। |
| 6. | वितरण प्रणाली– 26.885 किमी0 | 22.90 किमी0 पूर्ण, शेष कार्य प्रगति पर। |
| 7. | पम्पहाउस– 1 नग | पूर्ण। |
| 8. | बांउण्ड्रीवाल– 1 नग | पूर्ण। |
| 9. | गृह जल संयोजन– 1001 | 460 नग का कार्य पूर्ण। |

उपरोक्त विवरण के अनुसार योजना का कार्य कराया गया है। योजना पर प्रयुक्त किये जा रहे निम्न गुणवत्ता साम्रगी संदर्भ में अवगत कराना है कि प्रदर्शित हो रही सामग्री को कार्यस्थल से तत्काल हटवाकर एवं योजना में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की गुणता जांच कराकर ही प्रयोग में लिया जा रहा है। उच्च गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग निर्माण कार्य में किया जा रहा है। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है जिसे दिनांक 31.10.2026 तक पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ किया जायेगा।

भवदीय
04/05/26
(अरविन्द यादव)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –


1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
2. सम्बन्धित सहा0अभि0/जूनि0इंजी0 (खण्डान्तर्गत)।
3. सूचना अधिकारी, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, अयोध्या।
4. मेसर्स वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद।


अधिशासी अभियन्ता


4/26 doc.aky8-9


Scanned with OKEN Scanner

# विकासखण्ड– मया बाजार में समन्था पेयजल योजना




Scanned with OKEN Scanner